नईदुनिया

**MP में नकली नोट का कारखाना पकड़ा, 15.21 लाख रुपये की करंसी, कच्चा माल, प्रिंटर व अन्य सामग्री बरामद**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास।** लैपटाॅप, प्रिंटर, स्केनिंग पेटी की मदद से सोनकच्छ क्षेत्र के खेड़ाखजूरिया गांव में नकली नोट छापने और उनको इधर-उधर खपाने में लगे गिरोह का बीएनपी पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में कुल पांच आरोपित अभी तक गिरफ्तार किये गए हैं। इनके पास से करीब 15.41 लाख रुपये के नकली नोट सहित इनको छापने की सामग्री जब्त की गई है। पांच से चार आरोपित देवास जिले के जबकि एक बुरहानपुर जिले का रहने वाला है। इनके द्वारा लाखों रुपये नकली नोट छापकर बाजार में खपाने की भी आशंका है।

Source: [https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/dewas-dewas-news-fake-note-printing-gang-caught-in-sonkachchh-notes-worth-lakhs-of-rupees-are-suspected-to-be-circulated-in-market-8390579](https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/dewas-dewas-news-fake-note-printing-gang-caught-in-sonkachchh-notes-worth-lakhs-of-rupees-are-suspected-to-be-circulated-in-market-8390579)